

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राहुल से की मुलाकात



**बड़वानी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पचमढ़ी में 10 दिवसीय कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिला कांग्रेस अध्यक्ष नानेश चौधरी एवं उनके परिवार से मिले। नानेश चौधरी ने बताया कि राहुल गांधी से मुलाकात अविस्मरणीय रही। उन्होंने सभी का मंत्र मुग्ध कर दिया। शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस को और अधिक मजबूत, सक्रिय और जन संवेदनशील बनाने के लिए इस तरह के संवाद और प्रशिक्षण आवश्यक है। उक्त जानकारी देते हुए बड़वानी जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी अजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नानेश चौधरी ने इस मुलाकात को पार्टी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत बताया और कहा कि राहुल गांधी से परिवार के साथ यह जुड़ाव कांग्रेस के विचारों को जन-जन तक पहुंचने में नई ऊर्जा भर देगा। पदाधिकारी ने नानेश चौधरी के विचारों को सराहा राहुल गांधी ने कांग्रेस को बुथ लेवल तक मजबूत करने, संगठन को सक्रिय करने, प्रदेश एवं केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने समाज के कमजोर वर्ग के हितों के लिए खड़े रहने के विचार व्यक्त किए। राहुल गांधी का जिलाध्यक्षों के परिवार से मिलना उनकी सरलता और सहजता को दर्शाता है।

## केंद्रीय जेल में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर




**बड़वानी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 नवम्बर तक प्रदेश भर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। जिसमें अमूल मंडलोई सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि कानून की नजर में सब बराबर है। सभी को जीने का अधिकार, व्यक्तिगत स्वस्त्रता का अधिकार, जिन बंदियों की मुलाकात उनके परिजनों से नहीं होती है व अवगत कराए व शिविर में बंदियों की लीगल एड संबंधित नि:शुल्क अधिवक्ता संबंधी, अपील संबंधी समस्या सुनी व शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। डॉ मनीष मालवीय ने बंदियों से मानसिक स्वास्थ्य पर बात की उनके कारण बताए, डिप्रेशन, परिवार की याद आना, चिड़चिड़ापन, रात को नींद न आना विषयों पर जानकारी दी व मानसिक बीमारी से बचने के उपाय बताए। जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल ने संचालन किया। इस दौरान जेल अधीक्षक जेल अधीक्षक शैफाली तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक कुसूमलता डावर, विनय काबरा उपजेल अधीक्षक, संस्कृता जोशी सहायक जेल अधीक्षक, संजय आर्य, गणेश वर्मा, मुकेश चौहान एवं बंदी एवं स्टॉफ उपस्थित था।

## डीएनए सैंपल संग्रह और फोरेंसिक प्रबंधन पर कार्यशाला

**इंदौर.** अपराधों की विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर कार्यालय में डीएनए सैंपल संग्रह और फोरेंसिक प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई. इस कार्यशाला का उद्देश्य पास्को और वयस्क बलात्कार मामलों में जांच अधिकारियों की दक्षता बढ़ाना था. कार्यशाला में करीब 60 विवेचना अधिकारी शामिल हुए. वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी अविनाश पुरी और उनकी टीम ने डीएनए सैंपल के संग्रह, संरक्षण, भंडारण और दस्तावेजीकरण की सही प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया. अधिकारियों को बताया गया कि अपराधों की जांच में छोटी चूक भी अपराधियों को बचाने में सहायक हो सकती है, इसलिए फोरेंसिक साक्ष्यों का सटीक और सुरक्षित उपयोग आवश्यक है. विशेष रूप से पास्को और बलात्कार मामलों में डीएनए परीक्षण की प्रक्रिया, सैंपल संकलन और जांच के दौरान ध्यान रखी जाने वाली सावधानियों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई. अधिकारियों को घटनास्थल निरीक्षण और साक्ष्यों के सुरक्षित संकलन की बारीकियों से भी अवगत कराया गया, ताकि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके.

## तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**इंदौर.** सांवेर थाना क्षेत्र अंतर्गत उज्जैन-इंदौर रोड धरमपुरी में एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई. मृतक 40 वर्षीय कैलाश धानक निवासी ग्राम करनपुरा थाना हिंगोरिया, उज्जैन थे. अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## मोहल्ले में झगड़े के दौरान मारपीट

**इंदौर.** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में रात के समय हुए विवाद में एक व्यक्ति घायल हो गया. 40 वर्षीय फरियादी पप्पू बामने निवासी श्यामाचरण शुक्ला नगर ने बताया कि उनके बेटे युवराज के साथ मोहल्ले के निवासी विष्णु के बीच झगड़ा हो गया. बीचबचाव करने के लिए जब वह पहुंचे, तो आरोपी ने उन्हें गालियां दी और नुकीली वस्तु से पीट दिया. घटना में पीड़ित के पीठ और कमर के पास चोटें आईं. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## बेलगाम बस में अचानक ब्रेक लगाने से यात्री घायल

**इंदौर.** मानपुर थाना क्षेत्र में एबी रोड भेरूघाट पर बस नम्बर एमपी 69 पी 0141 के चालक की लापरवाही से यात्री घायल हो गया. उपनिरीक्षक त्रिलोक सिंह बरकड़े ने बताया कि तेज गति से बस चला रहे चालक ने गड्ढों में अचानक ब्रेक लगाकर बस को तेज गति में रोका, जिससे बस में बैठे 50 वर्षीय कमल वर्मा घायल हो गए. साथ ही चालक ने घायल यात्रियों के साथ गाली-गलौच भी की. पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## गोदाम में विवाद के बाद गाली-गलौज और मारपीट

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला स्थित एक सीमेंट गोदाम में विवाद के बाद दो पक्षों में झगड़ा हो गया. पुलिस के अनुसार फरियादी रामबाबू राजपूत निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी की रिपोर्ट पर हरदीप सिंह और उसके बेटे निवासी आदित्य नगर भंवरकुआं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. आरोप है कि दोनों ने गोदाम पर पहुंचकर फरियादी के साथ मारपीट की, अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

### स्वास्थ्य केंद्रों की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**बड़वानी.** नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में कलेक्टर जयति सिंह ने सोमवार को आयुष्मान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तलवाड़ा बुजुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कलेक्टर जयति सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्व-मूल्यांकन के प्रमुख पैरामीटर में सुधार कर लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए लगातार अपनी व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना चाहिए और निर्धारित मापदंडों को पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मैटरनिटी वार्ड, प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया एवं एएनसी पंजीयन को बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही अन्य निर्देश भी दिए।



### सामु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

स्वास्थ्य केंद्रों का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करना है। कलेक्टर जयति सिंह ने उक्त बातें सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कलेक्टर ने दिए निर्देश**
- किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी
- कलेक्टर ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए

## कर्बला के लिए मुस्लिम तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना



**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर से मुस्लिम तीर्थयात्रियों का 18 सदस्यीय जत्था रविवार को पवित्र कर्बला यात्रा के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व विभिन्न समाज वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर यात्रियों को विदाई दी और उनके लिए विशेष दुआएं की। विदाई समारोह के मौके पर शहरवासियों ने धार्मिक सौहार्द, भाईचारा और एकता का अद्भुत परिचय देते हुए यात्रियों से देश और शहर की तरक्की, अमन-चैन और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की दुआ करने का आग्रह किया। सभी ने यह कामना की कि हमारा मुल्क हिंदुस्तान सदैव तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ता रहे और समाज में हमेशा भाईचारा कायम रहे। जत्थे को मुस्लिम समाजजनों ने सम्मानपूर्वक विदाई दी।

**पवित्र स्थलों की करेंगे जियारत, समाजजनों ने तीर्थ यात्रियों को दी विदाई**

हाजी अब्दुल अजीज मंसूरी ने बताया कि तीर्थयात्री इराक स्थित कर्बला, नजफ व अन्य पवित्र स्थलों की जियारत करेंगे, इस्लामी इतिहास और धर्म से जुड़े कई महत्वपूर्ण मजारात पर हाजिरी देंगे।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बड़वानी।** मुस्कान अभियान अंतर्गत एसपी जगदीश डावर, एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश चौहान तथा डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह द्वारा घुमक्कड़ समुदाय की बालिकाओं एवं बालकों के बीच विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक ललिता चौहान ने आत्मरक्षा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनुचित टिप्पणी या व्यवहार होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे। आरक्षक सुशीला निंगवाल ने महिला हैल्पलाइन की जानकारी दी। काउंसलर अनीता चोयल ने बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी। कार्यक्रम में स्कूल स्टॉफ छात्राएं उपस्थित थी।




**एक नजर में** — रविवार रात को नगर से रवाना हुए श्रद्धालु, संतों के सानिध्य में निकाली शोभायात्रा

## जगन्नाथपुरी में होगा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन

**पानसेमल.** नगर से रविवार रात श्रद्धालु जगन्नाथपुरी के लिए रवाना हुए। जहा संत राजाराम दास महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इस दौरान संत राजारामदास महाराज, संत शिवानंदगिरी महराज, संत प्रवीण दास महाराज, भरतआनंद महाराज, योगेश महाराज सहित अन्य संत सम्मिलित हुए।

### आयोजन में शामिल होंगे श्रद्धालु

कथा श्रवण करने वाले भक्तों को रवाना करने के लिए संतों के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान कमलेश अग्रवाल ने बताया कि परिवार की ओर से कथा का आयोजन जगन्नाथ पूरी में किया जा रहा है। लोकेश शुक्ला ने बताया कि संत श्री राजाराम दास महाराज द्वारा विभिन्न तीर्थ स्थलों पर श्रीमद्भागवत कथाओं का वाचन किया जाता है। इस बार जगन्नाथपुरी में कथा के आयोजन में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्रद्धालु नंदुरबार से ट्रेन में सवार होकर गंतव्य तक पहुंचेंगे।



### 202 भक्त यात्रा में शामिल

श्रद्धालुओं को कलशयात्रा निकाल कर इस धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया। राधा कृष्ण धाम परिवार द्वारा चारों धाम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कमलेश अग्रवाल को मुख्य यजमान बनने का अवसर मिला। करीब चार माह से यात्रा की तैयारी जारी है 202 भक्तगण यात्रा में शामिल हुए हैं।

**कथा का आयोजन**

मुख्य यजमान कमलेश अग्रवाल ने बताया कि परिवार की ओर से कथा का आयोजन जगन्नाथपुरी में किया जा रहा है।

## बिना परीक्षा पुलिस आरक्षक बनवाने के नाम से युवतियों से करता था ठगी

- सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती कर फंसाता था जाल में

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने एक जालसाज को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को पुलिस आरक्षक बताकर युवती से बिना परीक्षा आरक्षक पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपए की मांग की थी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है.**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि देवास की रहने वाली युवती इंदौर में पढ़ाई कर रही थी. आरोपी अजय पाटीदार ने कॉल कर खुद को पुलिस आरक्षक बताया और युवती को झांसा दिया कि वह बिना परीक्षा नौकरी दिला सकता है. युवती को शक होने पर उसने आरोपी की बातचीत रिकॉर्ड की और व्हाट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंप दिए. शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. तकनीकी और साइबर सबूतों के जरिए पुलिस ने अजय पाटीदार को गिरफ्तार कर लिया.



अजय पाटीदार

**आरोपी पर पूर्व में भी गैंबलिंग व आर्म्स एक्ट में दर्ज हैं केस**

पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और बताया कि वह सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती कर उन्हें अपने जाल में फंसाता था. एडिशनल डीसीपी दंडोतिया ने कहा कि अजय ने युवती की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का फायदा उठाकर उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया. आरोपी आदतन अपराधी है और उस पर पहले भी देवास जिले में एक गैंबलिंग एक्ट और दूसरा आर्म्स एक्ट में दो मामले दर्ज हैं. इसके अलावा आजाद नगर थाना, इंदौर में भी उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है. पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य मामलों की जानकारी जुटा रही है.

## छोटे बच्चे की खेलते समय हादसे में मौत

**इंदौर.बाणगंगा क्षेत्र में शनिवार को दो साल के बच्चे की खेलते समय गंभीर चोट लगने के बाद मौत हो गई. बच्चा पैदल चलने वाली छोटी साइकिल पर खेलते समय मुंह के बल गिर गया, जिससे सिर और चेहरे में अंदरूनी चोटें आई. परिवार ने बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने देर रात उसे मृत घोषित कर दिया.**

मृतक का नाम अयांश पिता गोपाल शाह उम्र दो वर्ष, निवासी गोविंद कॉलोनी था. घटना के समय पिता गोपाल घर पर नहीं थे. घर पर मां खुशबू, एक साल का छोटा बेटा और अयांश मौजूद थे. अयांश के पिता ने पुलिस को बताया कि बच्चा साइकिल पर खेलते समय चौखट के पास पहुंचा और गिरकर चोटिल हो गया. घटना के तुरंत बाद बच्चा कुछ समय रोया और सो गया, लेकिन करीब एक घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ी. उल्टियां शुरू हुईं और हाथ-पैर सुन्न पड़ गए. मां ने पड़ोसियों की मदद से उसे निजी अस्पताल पहुंचाया. दिनभर वेंटिलेटर पर रखे जाने के बाद रात करीब 12 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बाणगंगा पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.



## नवविवाहिता की मौत, पति पर केस दर्ज

- इसी साल जनवरी में हुआ था विवाह

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है. यह कदम मृतका के परिजनों के बयान और प्रारंभिक जांच के आधार पर उठाया गया.

एसीपी रूबिना मिजवानी ने बताया कि 24 वर्षीय माही परमार ने 5 नवंबर की रात अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था. परिजन उसे तुरंत अपोलो अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जांच में यह भी सामने आया कि माही की शादी जनवरी 2025 में सुखलिया स्थित लवकुश विहार निवासी लक्ष्य गेहलोद से हुई थी. परिजनों ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही लक्ष्य का व्यवहार माही के प्रति असामान्य और प्रताड़ित करने वाला था. विशेष रूप से दहेज को लेकर वह बार-बार ताने देता और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता था. माही की बहन प्राची और चाची आशा ने पुलिस को बयान में बताया कि लगातार मानसिक दबाव और तानों के कारण माही तनाव में रहने लगी थी. पुलिस ने इन बयानों और जांच के आधार पर देर रात लक्ष्य गेहलोद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है.



## सांवेर के दो मंदिरों में दानपात्र से रुपए चुराने वाले दो आरोपी धराए

- सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस को मिली सफलता

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सांवेर कस्बे में दो मंदिरों से दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पकड़े गए. पुलिस ने उनके पास से चोरी की रकम, घटना में प्रयोग की बाइक और औजार जब्त किए हैं.**

घटना 29 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे की है, जब अज्ञात चोरों ने बड़े हनुमान मंदिर और सांवेर सिटी कॉलोनी स्थित मंदिर के दानपात्रों के ताले तोड़कर उससे रुपए चोरी कर लिए थे. मामले में थाना सांवेर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई. एसपी यांगचून डोलकर भूटिया, एएसपी रुपेश द्विवेदी और एसडीओपी प्रशांत भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गिरीजा शंकर महोबिया ने विशेष टीम गठित की. टीम ने घटनास्थलों सहित आसपास के करीब 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. फुटेज में दो संदिग्ध युवक पीले रंग का कपड़ा मुंह पर बांधे और टोपी लगाए दिखाई दिए. फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की गतिविधियों को ट्रेस करते हुए बारोली टोल टैक्स से बड़ी ग्वालटोली तक उनकी मूवमेंट ट्रैक की. 8 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अरविंदो अस्पताल के पीछे कॉलोनी के मैदान से 22 वर्षीय दीपक उर्फ टिल्लू निवासी बड़ी ग्वालटोली और 21 वर्षीय ऋतिक उर्फ छोटू बोरासी निवासी सदर को पकड़ा. पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली. उनकी निशानदेही पर दानपात्र तोड़ने में इस्तेमाल पेचकस, पीला गमछा, टोपी, बजाज पल्सर मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 09 जेडक्यू 5132 और चोरी की नकदी बरामद की गई. फिलहाल, दोनों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है.



**एक नजर में** — इस साल जनवरी से अब तक श्वानों के हमले की 30 हजार से अधिक घटनाएं दर्ज

## डॉग बाइट : बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण

**इंदौर.** शहर में पिछले कई वर्षों से आवारा श्वानों की समस्या बनी हुई है. इनके हमले से अब तक सैकड़ों लोग शिकार बन चुके हैं. कई शिकायतों के बावजूद नगर निगम की भूमिका उदासीन रही, लेकिन अंतत: सर्वोच्च न्यायालय ने आम लोगों के हित में महत्वपूर्ण फैसला दिया है.

शहर का शायद ही कोई ऐसा इलाका हो, जहां आवारा श्वानों के झुंड न दिखाई देते हों. सरकारी संस्थानों, कार्यालयों और अस्पताल परिसरों में भी इनका प्रवेश रोकने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया. नवभारत ने एमवाय अस्पताल के शिशु चिकित्सक परिसर और नई ओपीडी के अंदर घूमते आवारा श्वानों की तस्वीरें और खबर प्रकाशित कर उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया था, बावजूद इसके लापरवाही जारी रही और लोग लगातार शिकार होते रहे. आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में करीब 46 हजार से अधिक डॉग बाइट के मामले सामने आए, जबकि वर्ष 2025 के जनवरी से अब तक 30 हजार से अधिक घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं. सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राजस्थान हाई कोर्ट के निर्णय को दोहराते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सख्त निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगर निकाय और परिवहन विभाग मिलकर हाईवे से मवेशियों और आवारा श्वानों को हटाएं और स्कूलों, कॉलेजों, खेल परिसरों, अस्पतालों तथा सरकारी कार्यालयों की फेंसिंग सुनिश्चित करें. यह फैसला बढ़ते हादसों और हमलों को रोकने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



**सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप निगम कार्रवाई करेगा**



सर्वोच्च न्यायालय ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सार्वजनिक स्थानों से स्ट्रीट डॉग्स हटाने का निर्देश दिया है. सरकारी दिशा-निर्देशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप नगर निगम टीम कार्रवाई करेगी. - पुष्यमित्र भार्गव महापौर

**यह बोले नागरिक...**



डॉग बाईट को लेकर कई लोगों ने शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. अब कोर्ट के इस फैसले से आम लोगों को बड़ी राहत मिली है.

- तरनजीत ठाकुर



इस फैसले के बाद नगर निगम को चाहिए कि जल्दी ही इस पर अमल करे, ताकि अब और लोगों को डॉग बाईट का शिकर होने से बचाया जा सके.

- नीरज कुमार कोली



यह समस्या गंभीर होते जा रही थी, हम उम्मीद करते हैं कि कोर्ट के इस फैसले के बाद हमारा शहर आवारा श्वानों से मुक्त होकर इसमें भी नंबर वन पर बने रहेगा.

- सैयद सादिक हुसैन